एयरपोर्ट के आसपास सुरक्षित वातावरण के लिए हों समन्वित प्रयास : कलक्टर

उदयपुर, (कासं)। महाराणा प्रताप एयरपोर्ट डबोक की एयरफील्ड एनवायरमेंट कमेटी तथा एयरड्रोम कमेटी की बैठकें शुक्रवार को जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट मिनी सभागार में हुई।

एयरफील्ड एनवायरमेंट कमेटी की बैठक में भारतीय विमान प्राधिकरण के उप महाप्रबंधक परिचालन रविन्द्र कुमार ने स्वागत करते हुए एजेण्डा बिन्दुओं पर चर्चा की। बैठक में एयरक्राफ्ट से पक्षियों के टकराने से होने वाले हादसों के बारे में अवगत कराते हुए उदयपुर एयरपोर्ट पर इसकी संभावनाओं पर चर्चा की गई। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट के आसपास कचरे की डम्पिंग होने, मांस की दुकानें होने, निर्धारित उंचाई से अधिक पेड़ या इमारतें होने पर बर्ड स्ट्राइक की संभावनाएं अधिक रहती हैं। जिला कलक्टर मेहता ने एयरपोर्ट के आसपास स्थित सभी दुकानों, होटल, रेस्टोरेंट आदि के कचरा निस्तारण की पड़ताल कराकर नियमानुसार निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही वल्लभनगर और मावली उपखण्ड अधिकारियों को आसपास स्थित सभी मांस की दुकानों का पंजीयन एवं उनके अपशिष्ट के नियमानुसार निस्तारण को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एयरपोर्ट के आसपास निर्धारित मापदण्ड से अधिक उंचे पेड़ों की छंगाई आदि भी कराने के लिए निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने कहा कि हाल ही एयरपोर्ट हादसों की विभीषिका को सभी देखा है, उदयपुर ने इस हादसे में अपने लोग भी खोए हैं, ऐसे में एयरपोर्ट के आसपास सुरक्षित वातावरण के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। एयरपोर्ट के अधिकारी आसपास के हितधारकों यथा होटल, रेस्टोरेंट संचालकों, खेत मालिकों से समझाइश करें तो निश्चित रूप से सभी का सहयोग मिलेगा। एयरपोर्ट अधिकारियों ने कैम्पस से गुजर रही कच्ची नहर के कारण पक्षियों का मुवमेंट रहने की बात कही। उक्त नहर को पक्का कराने के लिए जल संसाधन विभाग स्तर पर कार्यवाही किए जाने की जानकारी दी।

एयरफील्ड एनवायरमेंट कमेटी एवं एयरड्रोम कमेटी की बैठक लेते जिला कलक्टर नमित मेहता।

जिला कलक्टर ने विभागीय अभियंता से फीडबैक लेते हुए जल्द से जल्द इसका समाधान कराने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने एयरपोर्ट परिसर में वेस्टेज मैनेजमेंट सिस्टम की पड़ताल कराकर वेस्टेज निस्तारण सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में एयरपोर्ट को 145 एकड़ भूमि आवंटित किए जाने संबंधी प्रगति पर भी चर्चा की गई।

- **बर्ड स्ट्राइक की घटनाओं को पूर्णतया रोकने, सुरक्षा बंदोबस्त सुनिश्चित करने पर चर्चा की**

एयरड्रोम कमेटी की बैठक में प्लेन हाईजेक की वारदातों के मद्देनजर अपेक्षित सुरक्षा बंदोबस्त, त्वरित कार्यवाही आदि पर भी विस्तृत चर्चा की गई। एयरपोर्ट परिसर में पुलिस चौकी स्थापना के बिन्दु पर जिला कलक्टर ने एयरपोर्ट अधिकारियों को चौकी के लिए जमीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह राठौड़, एसडीएम वल्लभनगर सुरेंद्र बी पाटीदार, मावली एसडीएम रमेश सिरवी सहित एयरपोर्ट से जुड़े विभिन्न अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कचरा प्वाइंट का किया निरीक्षण

उदयपुर,(कासं)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने शुक्रवार को निगम अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न कचरा सेंटरों का निरीक्षण कर वहां की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया, निरीक्षण में कुछ स्थान पर लापरवाही मिलने पर आयुक्त ने 7 दिन में व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर में 119 स्थानों पर कचरा प्वाइंट बनाए गए हैं यहां से कचरे को बडे वाहनों के माध्यम से नगर निगम के डंपिंग यार्ड पर निस्तारण किया जाता है। यह कार्य निगम द्वारा निजी संस्था को दिया गया है इसी व्यवस्था का औचक निरीक्षण कर कुछ स्थानों खामी मिलने पर व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए है।

निरीक्षण के दौरान कुछ प्वाइंट पर कचरा उठाने के बाद में भी कचरा पडा हुआ पाया गया जो की सफाई व्यवस्था की दृष्टि से उपयुक्त नहीं है। कार्यकारी एजेंसी को भी यह निर्देश है कि कचरा प्वाइंट पर कचरा नहीं मिलना चाहिए इसके उपरांत सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं पाई गईए जिस पर आयुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी सत्यनारायण शर्मा को अगले सात दिन में व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

सार-समाचार

बारिश ने गर्मी से दिलाई राहत

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय पर लगभग आठ-दस दिनों बाद शुक्रवार को बारिश का सूखा खत्म हुआ और मेघ मेहरबान हुए। पिछले दस दिनों से जारी भीषण गर्मी और उमस के बाद सावन माह के पहले दिन शुक्रवार अपरांन्ह बाद राजसमंद में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। कभी तेज तो कभी धीमी, करीब डेढ घंटे तक हुई झमाझम बारिश ने लोगों को गर्मी से बडी राहत दिलाई। तापमान में गिरावट आने और आसमान में काली घटा छाने से दिन भर की तपन के बाद शाम को मौसम सुहाना हो गया। हालांकि, इस बारिश ने शहर की व्यवस्थाओं की पोल भी खोल दी। जिला मुख्यालय पर सडकें दरिया बन गईं, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पडा। राजनगर-कांकरोली मुख्य रोड स्थित कलालवाटी चौराहे पर पानी भर जाने से वाहनों की आवाजाही बाधित हुई। इसके अलावा कांकरोली-मुखर्जी चौराहे स्थित बालाजी वाटिका के बाहर मुख्य सडक पर निकासी के अभाव में करीब दो फीट पानी भर गया। जिससे दो व चार पहिया वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पडा। इस दौरान निचले इलाकों में भी बारिश का पानी भर गया। बारिश जहाँ एक ओर लोगों के लिए सुकून लेकर आई, वहीं दूसरी ओर बच्चों के लिए यह मस्ती का मौका बन गई। घरों के बाहर सडकों पर भरे पानी में बच्चे नहाते हुए नजर आए, जो इस अप्रत्याशित बारिश का भरपूर लुत्फ उठा रहे थे। इस झमाझम बारिश ने एक बार फिर शहरी जल निकासी व्यवस्था पर सवाल खडे कर दिए हैं। उम्मीद है कि प्रशासन व नगर परिषद में बैठे जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान देगा ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति से बचा जा सके। जिला मुख्यालय पर करीब डेढ घंटे लगातार हुई बारिश से 63 एमएम यानि ढाई इंच रिमझिम बारीश दर्ज की गई। जिला मुख्यालय सहित जिलेभर में अच्छी बारीश होने से वातावरण में ठंडक गुल गई और मौसम सुहाना हो गया।

वीपी वर्कशॉप 2025 का शुभारंभ

उदयपुर, (कासं)। देशभर के स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों और मेडिकल छात्रों का उदयपुर में चिकित्सा तकनीकों और नवाचार पर चर्चा कर रहे हैं। लेकसिटी में तीन दिन दिवसीय फोग्सी शार्प वाइस प्रेसिडेंट कांफ्रेस का शुभांरभ चार प्रमुख मेडिकल संस्थान आरएनटी मेडिकल कॉलेज, गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल और अनंता इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल में एक साथ 12 कार्यशालाओं के साथ हुआ । सम्मेलन में देशभर के 500 से अधिक चिकित्सक भाग ले रहे हैं। आयोजन का उद्देश्य उन्नत चिकित्सा तकनीकों, शोध और अभ्यास आधारित प्रशिक्षण को बढावा देना है। उद्घाटन में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध स्त्रीरोग विशेषज्ञ एवं फोग्सी प्रेसिडेंट डॉ. सुनीता तेंदुलवाडकर, डॉ. कोमल चव्हाण, डॉ. प्रकाश जैन, डॉ. निरजंन चव्हारण, डॉ. प्रदीप बंदवाल सहित वरिष्ठ पदाधिकारी, आयोजक मंडल और मेडिकल कॉलेज के गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. सुनीता तेंदुलवाडकर ने कहा कि समय के साथ चिकित्सा तकनीकों में कई बदलाव हुए हैं जो अच्छे परिणाम ला रहे हैं । चिकित्सक पारम्परिक व नयी तकनीकों का सामन्जस्य बैठाकर मरीज की समस्या के अनुरूप उपचार प्रदान करें तो लाभ की संभावना अधिक होती है। देश में पहली बार इस तरह की कांफ्रेस का आयोजन चिकित्सकों के लिए फायदेमंद साबित होगा। आयोजन समिति की अध्यक्ष डॉ. कोमल चव्हाण व प्रकाश जैन ने बताया कि पहले दिन विशेष सांइटिफिक व शैक्षणिक सत्र हुए जिसमें हिस्टेरोस्कोपी, गर्भाशय संबंधी जांच एवं उपचार पर केंद्रित लाइव डेमो और संवाद सत्र, आईयूआई प्रशिक्षण सत्र, नि:संतानता के उपचार की आधुनिक तकनीकों पर व्यावहारिक मार्गदर्शन, सर्जिकल स्किल लैब एंडोस्कोपी, लैप्रोस्कोपी व हायस्टेरोस्कोपी जैसी प्रक्रियाओं पर अभ्यास सत्र, क्लिनिकल केस डिस्कशन आदि किया गयं

बारिश से मौसम हुआ सुहावना

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर में शुक्रवार सुबह से मौसम सामान्य है लेकिन मौसम विभाग ने आज उदयपुर में येलो अलर्ट जारी किया है। पिछोला झील से फतहसागर में पानी की आवक जारी है। फतहसागर का जलस्तर 7 फीट हो गया है।उदयपुर मे शुक्रवार दोपहर करीब 12.30० बजे करीब दस मिनट तक हल्की बारिश हुई।हल्की बारिश से लेकसिटी का मौसम सुहाना हो गया है । शहर के कोर्ट चौराहा,देहलीगेट, कलेक्टरी आदि इलाकों में बारिश से लोगों ने उमस से राहत महसूस की।मौसम विभाग ने आज उदयपुर संभाग के उदयपुरए सलूंबर,राजसमंद,बांसवाडा, डूंगरपुर, चित्तौडगढ और प्रतापगढ जिले में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। जल संसाधन विभाग के पिछोला से फतहसागर में पानी छोडने के लिए लिंक चैनल के गेट एक फीट खोले थे जिससे पानी की आवक फतहसागर में बढने लगी है।11 फीट की पिछोला झील में गुरुवार को जलस्तर 9.51 फीट था जो शुक्रवार को जल संसाधन विभाग की जारी रिपोर्ट में 9.31 फीट हो गया। वैसे यहां से सीसारमा नदी से पानी की आवक भी बनी हुई है।

सार-समाचार

सुविवि में कार्यशाला का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। मोहनलाल सुखाडिया के बप्पा रावल सभागार में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं नई परीक्षा प्रणाली के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सभी संबद्ध महाविद्यालयों के कुल 130 प्रतिनिधि ने भाग लिया। कार्यशाला में सुविवि से जुडे समस्त महाविद्यालयों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा नई परीक्षा पद्धति से सम्बंधित प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए किया गया। कार्यशाला के शुभारंभ के पश्चात परीक्षा नियंत्रक डॉ. पी.एस. राजपूत ने कार्यशाला की आवश्यकता के साथ इसका महत्व अति प्रासंगिक है। कार्यशाला में मिली हर एक जानकारी आगामी समय में विवि के कार्यों को ओर गति प्रदान करने वाली होगी। अध्यक्षता करते हुए विवि के कुलगुरु प्रो. सुनीता मिश्रा ने कहा कि महाविद्यालयों के छात्रों से सम्बंधित कार्यों को निष्ठा, समय तथा तत्परता से निष्पादन किया जाए। जो छात्र परीक्षा आवेदन भरने से वंचित रह जाते हैं उन्हें विश्वविद्यालय स्तर पर परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व भी ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा फॉर्म आवेदन करने हेतु नये ऑनलाइन पोर्टल का उद्घाटन किया । कुलगुरु के कहा कि छात्रों की सुविधा हेतु विभिन्न प्रकार के दस्तावेज जैसे माइग्रेशन, संशोधित अंकतालिका, प्रोविजनल डिग्री, ट्रांसक्रिप्ट आदि के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर निर्धारित शुल्क जमा करने की व्यवस्था प्रारम्भ करने के लिए प्रक्रियाधीन है जिससे छात्र इस प्रकार के दश्तावेज सीमित समयांतराल में प्राप्त कर सकेंगे। नोडल अधिकारी प्रो. के. बी. जोशी ने बताया गया कि उक्त नई योजना के अंतर्गत स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में चयनित विषयों के अतिरिक्त प्रति सेमेस्टर एक स्किल पेपर लेना अनिवार्य है। प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर में एक स्किल पेपर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किया जाता है तथा चतुर्थ, पंचम एवं तृतीय सेमेस्टर में एक स्किल पेपर प्रति सेमेस्टर विद्यार्थी अपनी इच्छानुसार उस महाविद्यालय द्वारा संचालित कला, विज्ञान, वाणिज्य में से कोई भी स्ट्रीम चुन सकता है। कार्यशाला में डॉ. एन.के. पारीक ने डिपॉजिटरी सिस्टम की विशेषताओं एवं आवश्यकता के बारे में बताया ।

भगवान को छप्पन भोग धराया

मंडफिया। श्री सांवलिया जी मंदिर मंडल मंडफिया के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर के सेवानिवृत होने पर भगवान को छप्पन भोग धराया गया। इस मौके पर मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर के मंडफिया स्थित आवास से विभिन्न प्रकार की मिठाइयां, फल, सूखे मेवे की थालियां सजाकर बैंड बजे के साथ विभिन्न मौहल्लों से जुलूस निकालते हुए भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंदिर पहुंचकर छप्पन भोग धराया गया। इस मौके पर सैकड़ो भक्त नाचते गाते मंदिर पहुंचे। टेलर छप्पन भोग के साथ भगवान को 900 ठाम चांदी की गौ माता एवं नगदी भी भेंट की। कार्यक्रम में मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव, मंदिर की मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रभा गौतम, मंदिर के पूर्व बोर्ड अध्यक्ष सतनारायण शर्मा, भेरुलाल गुर्जर, कालूराम गुर्जर, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर जैन, मंगलवार भाजपा मंडल अध्यक्ष भेरूलाल गाडरी भूत खेड़ा, सेवानिवृत्त उपखंड अधिकारी मांगीलाल रेगर सहित हजारों लोगों ने टेलर को ऊपरना ओढ़ाकर व श्रीफल भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर टेलर द्वारा होटल सांवलिया सागर में भगवान की महाप्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रेम को बैठकर भोजन ठाहण किया।

सांवलिया जी सेठ के दर्शन किए

मंडफिया। राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दर्शन किए। जानकारी के अनुसार उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा अपने परिवार के साथ भगवान श्री सांवलिया जी सेठ के दर्शन करने मंडफिया पहुंचे। मंदिर पुजारी ने सभी को तुलसी एवं चरणामृत प्रदान किया। उपमुख्यमंत्री बैरवा का मंदिर परंपरा के अनुसार उपरना ओढ़ाकर भगवान का महाप्रसाद व तस्वीर भेंटकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस मौके पर सांवलिया जी मंदिर बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, मंदिर बोर्ड सदस्य पवन तिवारी, हरिराम गाडरी, पूर्व सदस्य भेरूलाल सोनी, भाजपा कार्यकर्ता रमेश वैष्णव, कंवर लाल गुर्जर, विमल अठावाल, राहुल सोनी, दीपक जोशी, चिराग जीनगर सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता ने उप मुख्यमंत्री बेरवा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

चोरों ने घुमंतु परिवार को बनाया निशाना

डूंगरपुर। शहर के सिंटेक्स चौरा के निकट एक माह से डेरा डाल कर रह रहे घुमंतू परिवार के डेरे से अज्ञात बदमाशों ने नगदी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार धुलजी भाई पिता डाया भाई सलाट निवासी गांव वडाली साबरकांठा हाल मुकाम सिंटेक्स तकरीबन एक माह से घुमंतू परिवार सिंटेक्स के पास खाली प्लॉट पर पर डेरा डाल कर रह रहा है। गुरुवार रात 11 बजे बाद परिवार सो गया जिसके बाद सुबह उठने पर धूलजी की पत्नी को सीता बहन द्वारा अपने बच्चे की जिद पर बिस्कुट लेने जाने के दौरान अपने दस्तावेज बिखरे पडे होने पर लगी। जिस पर परिवार द्वारा छानबीन करने पर बैग में रखे तकरीबन 95 हजार रुपए सहित दस्तावेजों से भरा बैग नदारद पाया। जिस पर घटना की भनक लगी। वही पीडित परिवार ने मामले को लेकर पुलिस में अब तक कोई रिपोर्ट नहीं दर्ज कराई है। परिवार जिले के गांव में घूम गुम कर बाल इक्कठा करने ओर उसे बेचने का काम करता है।

शराब की दुकान खोलने का विरोध

डूंगरपुर। डूंगरपुर के तरुण सागर चौराहे पर शराब की मॉडल शॉप खोलने के विरोध में स्थानीय निवासी कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर दुकान न खोलने की मांग की। प्राप्त जानकारी के अनुसर अशोक नगर कॉलोनी के निवासियों ने बताया कि मुनि तरुण सागर चौराहे के पास एक भवन में नई शराब दुकान खोलने की तैयारियां चल रही हैं। दुकान में फर्नीचर चल रहा है। यह स्थान आवासीय क्षेत्र में स्थित है। आस पास महादेव मंदिर, लाइब्रेरी, निजी स्कूल, उद्यान और कोचिंग सेंटर हैं। इन स्थानों पर महिलाएं,लडकियां और बुजुर्गों का आना-जाना लगा रहता है। जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर उक्त शराब की दूकान को अन्यंत्र स्थानान्तरित करने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शराब दुकान खुलने से महिलाओं की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। शराबी लोगों से उपद्रव की आशंका भी जताई गई है।

एग्जीबिशन में अंतिम दिन भी उमड़े शहरवासी

उदयपुर, (कासं)। कैट वूमेन विंग उदयपुर की ओर से आयोजित गेट उडान एग्जीबिशन के तीसरे और अंतिम दिन का आयोजन बेहद उत्साहपूर्ण और यादगार रहा। एग्जीबिशन में खरीददारी के लिए शहरभर से महिलाएं पहुंची व जमकर रोज की जरूरमंतद चीजें खरीदी।

संस्था की अध्यक्षा विजय लक्ष्मी गलूंडिया ने बताया कि कार्यक्रम की अतिथि पूर्व जिला प्रमुख मधु मेहता थी अंतिम दिन खरीदारों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला जमकर शॉपिंग हुई और सभी स्टॉल्स पर विशेष डिस्काउंट का लाभ भी लोगों ने उठाया।

एग्जीबिशन की डायरेक्टर डॉ सीमा सिंह भाटी ने बताया कि इस अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य वार्ता में गीतांजलि मेडिकल कॉलेज की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अर्चना शर्मा में महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने की सलाह दी साथ ही महिलाओं को अलग अलग उम्र पर क्या क्या स्वास्थ्य समस्याएं होती है और उनका समाधान क्या है उस बारे में बताया। हेल्थ चेकअप कैंप की डायरेक्टर डॉ बलदीप शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य जांच में 500 से अधिक जांचें की गईं।

टीएडी मंत्री खराड़ी ने किया चिकित्सालय का निरीक्षण

उदयपुर, (कासं)। आरएनटी मेडिकल कॉलेज से संबद्ध श्री सुन्दर सिंह भण्डारी राजकीय जिला चिकित्सालय, अंबा माता, उदयपुर का शुक्रवार को जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी ने निरीक्षण किया।

खराड़ी ने रोगियों से संवाद कर चिकित्सालय की व्यवस्था व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वन के बारे में जानकारी प्राप्त की। अस्पताल अधीक्षक डॉ राहुल जैन ने बताया कि वर्तमान में चिकित्सालय में 100 शैय्या उपलब्ध है। मेडिसीन, सर्जरी, स्त्री-प्रसूति रोग, शिशुरोग, नेत्र रोग, दन्त रोग, आयुर्वेदिक विभाग के चिकित्सक सेवायें दे रहे हैं। द्वितीय चरण में चिकित्सालय के द्वितीय तल पर स्थित नव निर्मित 100 बेड का वातानुकुलित, अत्याधुनिक सुविधायुक्त वार्ड को शीघ्र ही क्रियाशील किया जाएगा जिससे कुल भर्ती रोगियों की संख्या में वृद्धि होगी। चिकित्सालय में मोड्यूलर ऑपरेशन थियेटर क्रियाशील है। राज्य सरकार द्वारा 01 सी.टी. स्केन मशीन लगाए जाना प्रस्तावित है। वर्ष 2024-25 की बजट घोषणाओं में इस चिकित्सालय के उपकरण हेतु 349.00 लाख रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। शीघ्र ही स्त्री-प्रसूति रोग, सर्जरी हेतु लेप्रोस्कोपी मशीन, 04 डी कलर डोपलर सोनोग्राफी मशीन सहित अन्य अत्याधुनिक उपकरणों का क्रय किया जाएगा।

चिकित्सालय का निरीक्षण करते टीएडी मंत्री बाबूलाल ।

सुपर स्पेशियालिटी चिकित्सालय के जिन विभागों में ऑपरेशन हेतु ऑपरेशन थियेटर उपलब्ध नहीं होने के कारण प्रतिक्षा सूची है उन ऑपरेशन को भी इस चिकित्सालय में कराए जाने का प्रयास किया जाएगा। डॉ जैन ने बताया कि 17 मई 2025 को शासन सचिव अम्बरीश कुमार ने चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया था।

इस दौरान उन्होंने महाराणा भूपाल अस्पताल से शिशु रोग व एनेस्थिसिया विभाग तथा पन्नाधाय महिला चिकित्सालय से स्त्री रोग विभाग की युनिट जिला चिकित्सालय अंबामाता में लगाने के निर्देश दिए थे। उक्त आदेश की पालना में आरएनटी प्रधानाचार्य डॉ. विपिन माथुर ने उपरोक्त 3 यूनिट को श्री सुन्दर सिंह भण्डारी राजकीय चिकित्सालय, उदयपुर में लगाने के आदेश जारी किए हैं।

गीतांजली में दुर्लभ बीमारी का बिना सर्जरी सफल इलाज

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, उदयपुर ने एक महिला रोगी पिछले 3 वर्षों से लगातार खांसी से पीडति थीं। प्रारंभ में उन्हें फेफडों की टीबी का इलाज दिया गया, जो सामान्यत: छह महीनों में पूरा हो जाता है। लेकिन इलाज के बावजूद उनकी खांसी थम नहीं रही थी, जिससे उनका जीवन अत्यंत कष्टदायक हो गया था।

समस्या की जड को जानने के लिए रोगी को गीताांजली हॉस्पिटल के टीबी एवं चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ गौरव छाबडा ने गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. पंकज गुप्ता को रोगी को दिखने की सलाह दी। विस्तृत जांच और एंडोस्कोपी से यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि रोगी की श्वास नली और भोजन नली के बीच एक छेद बन गया था।

यह स्थिति अत्यंत दुर्लभ होती है और सामान्यत: कैंसर जैसी जटिल बीमारियों में देखी जाती है। इस मरीज में यह समस्या पूर्व में हुई टीबी की वजह से उत्पन्न हुई थी जो चिकित्सकीय दृष्टि से अत्यंत असामान्य है। इलाज की चुनौतीपूर्ण स्थिति को देखते हुए दो विकल्पों पर विचार किया गया ओपन सर्जरी द्वारा फिस्टुला को बंद करना या एंडोस्कोपी से आधुनिक क्लिपिंग तकनीक द्वारा इसे ठीक करना। मरीज और उनके परिजनों को दोनों विकल्पों की जानकारी दी गई। अंतत: एंडोस्कोपी से इलाज को प्राथमिकता दी गई।

गीतांजली में मेडिकल टीम के साथ मरीज।

पौधारोपण किया

राजसमंद, (निसं)। आजाद पब्लिक स्कूल परिसर में शुक्रवार को पौधारोपण किया गया। शिक्षक और विद्यार्थियों ने मिलकर स्कूल भवन के आसपास पांच पौधे लगाए।

संस्था प्रधान बीएल कीर ने विद्यर्थियों को पर्यावरण का महत्व बताते हुए अधिक से अधिक अपने आसपास क्षेत्र में पौधारोपण करने की सीख दी। इस दौरान संतोष शक्तावत और चिराग कीर द्वारा पौधों के बडे होने तक देखरेख की जिम्मेदारी ली।

करंट की चपेट से नाबालिग झुलसा

डूंगरपुर। जिले के सदर थाना क्षेत्र के थाणा रेडा फला गांव में एक 13 साल के बालक को घर के बाहर बोरवेल के खुले वायर से बिजली का जोरदार करंट लगा। जिससे बालक गंभीर रूप से झुलस गया। घायल बालक को डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

सदर थाना क्षेत्र के थाणा रेडा फला गांव निवासी संतोष बरण्डा का बेटा अनिल ओर उसकी बहन अरुणा दोनों घर पर ही मौजूद थे। घर पर बहन अरुणा टीवी देख रही थी। वहीं, अनिल घर से बाहर खेल रहा था। अनिल जैसे घर के बाहर निकला। उसी दौरान घर के बाहर से गुजर रहे बोरवेल के खुले वायर पर पैर रख देने से अनिल को जोरदार करंट का झटका लगा। इससे अनिल धडाम से गिर पडा और गंभीर रूप से झुलस गया।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक: F.7(12)PLAN/LANDUSE/2024-25/1085 **आम सूचना** दिनांक : 10/7/2025

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा गुलाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य सिविल रिट संख्या 1554/2004 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के द्वारा पारित निर्णय के क्रम में सरकार के विभागीय आदेश दिनांक 20-07-2017 के अनुसार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर वृहद/व्यापक जनहित के दृष्टिगत मास्टर प्लान में भू-उपयोग परिवर्तन अनुझये किये जाने के संबंध मे प्रदत्त आदेशों/परिपत्रों की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम/ योजना	खसरा संख्या/ ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड / भूमि की स्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
1	श्री भुनेश रसिकलाल श्री शाह पिता रसिकलाल मोहनलाल शाह एवं श्रीमती स्मिता भुनेश शाह पत्नी श्री भुनेश रसिकलाल शाह	भुवाणा	3424, 3431 से 3433, 3436 से 3441, 3505, 3506, 3508 से 3520, 3522 से 3529, 3533 से 3535, 3563 से 3567, 3571, 3572, 4417/3563	10	4050.00 वर्गफीट	शोभागपुरा चौराहे से भुवाणा प्रतापनगर बाईपास को जाने वाली 100 फीट सडक पर आराध्य इन होटन के सामने स्थित है।	आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

'सरकार की मंशा अनुरूप हर योजना में अधिकतम लोग हों लाभान्वित'

राजसमंद, (निसं)। जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ शुक्रवार को कलक्टर अरुण कुमार हसीजा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की योजनाओं, फ्लैगशिप कार्यक्रमों, बजट घोषणाओं, विधायक मद, सांसद मद, महात्मा गांधी नरेगा, माडा सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की बारीकी से समीक्षा की गई।

कलक्टर ने निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ अधिकाधिक पात्र लोगों तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को कार्यों की प्रगति रिपोर्ट समय पर भेजने, योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखने और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं के तहत स्वीकृत कार्यों की प्रगति पर सतत निगरानी रखी जाए और योजनाओं के लाभार्थियों की पहचान निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से की जाए। बैठक में जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, सीपीओ संजय शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) बिहारीलाल, जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) गिरिजाशंकर मिश्रा, उप निदेशक कृषि एवं उद्यानिकी, अधीक्षक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नाथद्वारा, प्रबंधक गोपालन एवं डेयरी विभाग, संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग डॉ शक्तिसिंह, डॉ जगदीश जीनगर, परियोजना प्रबंधक राजीविका डॉ सुमन अजमेरा, जिला खेल अधिकारी धर्मदेवसिंह, लीड बैंक अधिकारी मौजूद थे। कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने बर्तन बैंक योजना और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बर्तन बैंक योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि सार्वजनिक कार्यक्रमों में लोग लाभान्वित हो सकें। राजीविका की महिलाओं द्वारा बर्तन बैंक संभालने के प्रयास को सराहा। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप हर योजना में अधिकतम लाभार्थियों तक पहुंच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता में जनभागीदारी बेहद आवश्यक है, इसलिए ग्रामवासियों को सक्रिय रूप से शामिल किया जाए। कलक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मागरा विकास योजना, 15वें वित्त आयोग तथा राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत संचालित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए एवं समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण हों। वाटरशेड डेवलपमेंट, सिस्टम स्ट्रेंथनिंग और ग्राम स्तर पर संचालित विकास कार्यों की मॉनिटरिंग नियमित रूप से करने के निर्देश भी दिए। कलक्टर ने आजीविका मिशन के तहत संचालित बैंक सखी, पशु सखी, सोलर दीदी और लखपति दीदी जैसी योजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने इन योजनाओं में महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी बढाने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

उदयपुर पेन्शनर हितकारी सहकारी समिति लि.,उदयपुर

400 एच-1 रोड़, भूपालपुरा, उदयपुर-313001 (राज.)

मो.9414157791 फोन नं.0294-2422400

क्